# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

Tel. 05944-242400 e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

## अल्पकालीन "ई–निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों हेतु इच्छुक फर्मों/सेवाप्रदाओं/एजेन्सीयों/आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 23-01-2023 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 30-01-2023 की सांय 05:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत निम्नानुसार पृथक–पृथक ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 31-01-2023 को प्रातः 11:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।

1. नगर निगम के 23 नग डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों (टाटा ऐस टिप्पर) की सविसिंग एवं मरम्मत।
2. नगर निगम के डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों (टाटा ऐस टिप्पर) हेतु आवश्यक पार्टस/सामग्री की आपूर्ति।

ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी/शर्तें उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktenders.gov.in तथा नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com से डाउनलोड की जा सकती हैं। ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक स्वास्थ्य अनुभाग, नगर निगम रूद्रपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकारी नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| –ह0– | –ह0– |
| (विशाल मिश्रा) | (रामपाल सिंह) |
| नगर आयुक्त | महापौर |
| नगर निगम रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) | नगर निगम रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) |

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

Tel. 05944-242400 e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक – 3222/7 /स्वा0अनु0/2022–23 दिनांक 21-1-2023

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय, जिलाधिकारी, उधमसिहनगर।
2. कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंहनगर।
3. कार्यालय, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उधमसिंहनगर।
4. कार्यालय, उप जिलाधिकारी, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।
5. कार्यालय, नगर निगम रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।
6. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना 6 X 8 सेमी साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत से अधिक की छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल समाचार की दो प्रतियों सहित इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री तपन कुमार राय, डा0ए0ऑपरेटर, नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktenders.gov.in तथा नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

21/1/23

(राजू नबियाल)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर

o/c

कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
Tel 05944-242400 E-mail-nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

## नगर निगम के 23 नग डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों (टाटा ऐस टिप्पर) की सर्विसिंग एवं मरम्मत हेतु निविदा

**निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 500+90 (GST 18%)=590.00**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम के 23 नग डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों (टाटा ऐस टिप्पर) की सर्विसिंग एवं मरम्मत (डेन्टिंग पेन्टिंग को छोड़कर) हेतु इच्छुक सेवाप्रदाताओं/आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों/एजेन्सीयों आदि से निम्न की–डेट्स के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है –

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date Of Online Publication | 23-01-2023 | 11:00 am |
| 2. | Documents Download Start Date | 23-01-2023 | 11:00 am |
| 3. | Bid Submission Start Date | 23-01-2023 | 11:00 am |
| 4. | Bid Submission End Date | 30-01-2023 | 05:00 pm |
| 5. | Submission of Hard/Original Copy of Documents: End Date | 31-01-2023 | 11:00 am |
| 6. | Bid Opening Date | 31-01-2023 | 12:00 pm |

**निविदा की शर्ते निम्नवत् है –**

1. सफल निविदादाता को नगर निगम के 23 नग डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों (टाटा ऐस टिप्पर) की सर्विसिंग एवं मरम्मत (डेन्टिंग पेन्टिंग को छोड़कर) हेतु कार्यादेश जारी होने के 07 दिन के भीतर कार्य सम्पन्न करना अनिवार्य होगा। अपरिहार्य कारणों से नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर द्वारा कार्य की अवधि को बढ़ाया जा सकता है।
2. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी, तथा निविदादाता का चुनाव न्यूनतम प्रस्तुत दर के आधार पर किया जायेगा। निविदादाता को अपनी दरें समस्त करों सहित BOQ में अंकित करनी होंगी।
3. निविदा में प्रतिभाग करने के इच्छुक सेवाप्रदाता/आपूर्तिकर्ता/फर्म/एजेन्सी आदि किसी भी कार्यदिवस नगर निगम के 23 नग डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण वाहनों (सूची संलग्न) का निरीक्षण करते हैं।
4. सफल निविदादाता द्वारा वित्तीय निविदा में वाहनों की सर्विसिंग तथा मरम्मत (डेन्टिंग पेन्टिंग को छोड़कर) हेतु आवश्यक मोबिल ऑयल, पार्टस इत्यादि के स्वंय के व्यय पर व्यवस्था करनी होगी, जिसके लिए नगर निगम रूद्रपुर द्वारा पृथक से किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा Submit/डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा Submit/डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।

6. निविदा दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) डाली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी एवं तकनीकी निविदा में अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
7. निविदा की अनुमानित लागत रू0 4.50 लाख (चार लाख पचास हजार रूपये मात्र) अधिकतम है। सफल निविदादाता को अनुबन्ध होने की तिथि से आगामी 01 कार्यदिवस के भीतर कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर राशि के रूप में रू0 22,500.00 (बाइस हजार पाँच सौ रूपये मात्र) की एफडीआर जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, जिसे अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के एक सप्ताह के पश्चात् नियमानुसार अवमुक्त किया जा सकता है।
8. बिड डालने हेतु निम्न प्रपत्र अपलोड करने अनिवार्य होगें किसी भी वांछित प्रपत्र के अपलोड न होने क्री स्थिति तथा अपठनीय होने की दशा में बिड निरस्त कर दी जायेगी–
   I. निविदादाता को निविदा की धरोहर धनराशि रू0 13,500.00 (तेरह हजार पाँच सौ रूपये मात्र) की एफडीआर जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार **मूल रूप** में संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उसे स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
   II. निविदा प्रपत्र उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड किये जायेगें तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की दशा में निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 500 + 90 (GST 18%)=590.00 (पाँच सौ नब्बे रूपये मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार **मूल रूप** में संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट को स्कैन कर अपलोड करना होगा। निविदा प्रपत्र मूल्य केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा।
   III. निविदादाता को आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र (पैन कार्ड) को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
   IV. निविदादाता को उत्तराखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण के प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा
   V. निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि, पूर्व में उसकी फर्म को **सम्पूर्ण भारतवर्ष में** किसी भी संस्था/विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है, को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी **मूल प्रति** तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
   VI. निविदा को रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी **मूल रूप** तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
9. सफल निविदादाता को वाहन की सर्विसिंग एवं मरम्मत के सापेक्ष न्यूनतम 03 माह की वारण्टी देनी होगी।

10. निविदा के साथ संलग्न किये जाने वित्तीय अभिलेख/प्रमाण पत्र की वैधता अवधि निविदा डालने (Bid Submition Date) की तिथि से अग्रिम 90 दिनों तक के लिए होनी अनिवार्य है।
11. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी एवं स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
12. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।
13. निविदा खोले जाने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर ही खोली जायेगी।
14. अनुबन्ध में वर्णित शर्तों के इतर सफल निविदादाता की कोई शर्त एवं दावा मान्य नहीं होगा।
15. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा दिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा। यदि आपूर्तिकर्ता उस निर्णय से सहमत न हो तो प्रकरण आर्बीट्रेटर के माध्यम से निपटाया जायेगा। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर आर्बीट्रेटर होगें। अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी महोदय के आर्बीट्रेटर न होने की दशा में उनके द्वारा आर्बीट्रेटर नियुक्त किया जायेगा।
16. आर्बीट्रेटर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बीट्रेटर के न्यायालय में पक्षकार अपने दावों के समर्थन में जो भी अभिलेख प्रस्तुत करेगें, उसका वहन पक्षकारों द्वारा स्वयं किया जायेगा। आर्बीट्रेटर की फीस का वहन पक्षकारों द्वारा आधा–आधा वहन करना होगा।

नोट– निविदादाता को मात्र क्रम संख्या 8(i), 8(ii), 8(v) एवं 8(vi) पर अंकित अभिलेख ही मूल रूप में तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करने होंगे तथा शेष अभिलेखों को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **(अशोक डबराल)**<br>**प्रधान लिपिक**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(उदयवीर सिंह)**<br>**सफाई निरीक्षक**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(तपन शर्मा)**<br>नगर स्वास्थ्य अधिकारी<br>नगर निगम, रूद्रपुर |
| **(राजू नबियाल)**<br>**सहायक नगर आयुक्त**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(जुबक मोहन सक्सेना)**<br>**वरिष्ठ वित्त अधिकारी**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(विशाल मिश्रा)**<br>**नगर आयुक्त**<br>नगर निगम, रूद्रपुर |

**(रामपाल सिंह)**
**महापौर**
नगर निगम, रूद्रपुर

# डोर–टू–डोर कूड़ा एकत्रीकरण वाहन सर्विसिंग / मरम्मत होने योग्य वाहनों की सूची

| क्र.सं. | वाहन का नाम | वाहन संख्या |
|---|---|---|
| 1. | छोटा हाथी Tata ACE | UK06CB5796 |
| 2. | — | UK06CB2474 |
| 3. | — | UK06CB5795 |
| 4. | — | UK06CB5791 |
| 5. | — | UK06CB5792 |
| 6. | — | UK06CB5787 |
| 7. | — | UK06CB5803 |
| 8. | — | UK06CB5793 |
| 9. | — | UK06CB5783 |
| 10. | — | UK06CB2503 |
| 11. | — | UK06CB5782 |
| 12. | — | UK06CB2488 |
| 13. | — | UK06CB2478 |
| 14. | — | UK06CB5784 |
| 15. | — | UK06CB5785 |
| 16. | — | UK06CB2499 |
| 17. | — | UK06CB2495 |
| 18. | — | UK06CB2476 |
| 19. | — | UK06CB5789 |
| 20. | — | UK06CB5805 |
| 21. | — | UK06CB2489 |
| 22. | — | UK06CB2497 |
| 23. | — | UK06CB2494 |